मईया जी तुम बड़ी दयालु हो

मईया जी तुम, बड़ी दयालु हो
अम्बे माँ, बड़ी दयालु हो |||
मईया जी तुम ||| बड़ी..........

हमे तो बस तेरा सहारा है
और नही कोई हमारा है ||
तेरा दर प्राणो से प्यारा है ||
मईया जी तुम ||| बड़ी...........

तेरा यश गाया वेदों ने
पार नहीं पाया वेदों ने ||
नेती नेती गाया वेदों ने ||
मईया जी तुम ||| बड़ी,.............

और सब झूठी माया है
मईया जी मुझे क्यों बिसराया है ||
दास तेरी शरण में आया है ||
मईया जी तुम ||| बड़ी............

तुम्हारा नाम मिले मईया
भक्ति का दान मिले मईया ||
सुबह और शाम मिले मईया ||
मईया जी तुम ||| बड़ी............

भले हैं बुरे हैं तेरे हैं
तेरी माया के घेरे हैं ||
मईया जी हम बालक तेरे हैं ||
मईया जी तुम ||| बड़ी...........

अपलोड कर्ता- अनिल भोपाल बाघीओ वाले

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6835/title/maiya-ji-tum-badi-dyalu-ho-ambe-maa-badi-dyalu-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |